देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 80 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...वैश्विक अर्थव्यवस्था सिकुड़ी



देहरादून, मंगलवार, 23 जून 2020

# पेज थ्री



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 23.0°

34911.32

2 भारतीयों ने चलाई गोली तो अंजाम बुरा

7 लगातार बेहतर होते जा रहे हैं कोहली

# 5 मई वाली पोजीशन ले चीन

## भारत ने दो टूक कहा है कि पहले जैसी स्थिति बहाल हो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीनी सेना के बीच पिछले हफ्ते गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद तनाव कम करने के उद्देश्य से सोमवार को दोनों देशों की सेनाओं के बीच लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की दूसरे दौर की वार्ता हुई। टीवी रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने चीन को दो टूक कह दिया है कि एलएसी में जैसी स्थिति 5 मई के पहले थी वैसे ही होनी चाहिए। यानी कि भारत की ओर से साफ-साफ शब्दों में कह दिया है कि चीन अपनी सीमा पर वापस लौटे।

**भारत के 20 जवान शहीद हुए थे:** गलवान घाटी में पिछले हफ्ते हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा 6 जून को लेफ्टिनेंट जनरल स्तर की पहले दौर की बातचीत में बनी सहमति को लागू करने समेत विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा हुई।



### कमांडर लेवल टॉक

बातचीत में भारतीय पक्ष का नेतृत्व 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल हरिंदर सिंह कर रहे हैं जबकि चीनी पक्ष का नेतृत्व तिब्बत सैन्य जिले के कमांडर कर रहे हैं। यह बैठक गलवान घाटी में 15 जून को हुए संघर्ष के बाद दोनों पक्षों में बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। यह बीते 45 सालों के दौरान सीमा पर हुआ सबसे गंभीर टकराव था।

**विदेश मंत्री का बयानः** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ टेलीफोन पर की गई बातचीत में इस झड़प को पीएलए की श्पूर्वनियोजितश कार्रवाई बताया था। इस घटना के बाद सरकार ने चीन के साथ लगने वाली 3500 किलोमीटर की सीमा पर चीन के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिये सशस्त्र बलों को श्पूरी छूटश दे दी है। सेना ने बीते एक हफ्ते में सीमा से लगे अग्रिम ठिकानों पर हजारों अतिरिक्त जवानों को भेजा है।

**सीमा पर हलचलः** वायुसेना ने भी झड़प के बाद श्रीनगर और लेह समेत अपने कई अहम ठिकानों पर सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर, मिराज 2000 लड़ाकू विमानों के साथ ही अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की तैनाती की है।

पूर्वी लद्दाख के गलवान और कुछ अन्य इलाकों में दोनों सेनाओं के बीच पांच मई से ही गतिरोध बना हुआ है जब पैंगोंग सो के किनारे दोनों पक्ष के सैनिकों में झड़प हुई थी। पूर्वी लद्दाख में स्थिति तब बिगड़ गई थी जब करीब 250 चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच 5 और 6 मई को हिंसक झड़प हुई।

### चीनी मीडिया पीएम मोदी की तारीफ क्यों कर रही है?: राहुल

नई दिल्ली। भारत और चीन का विवाद अब सियासत का भी हिस्सा बन गया है। भारत में हर रोज इसमें राजनीति बढ़ती जा रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एकबार फिर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा है कि चीन हमारे सैनिकों की हत्या कर रहा है। चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है फिर भी वहां की मीडिया पीएम मोदी की तारीफ क्यों कर रही है? इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी पत्र लिखकर पीएम मोदी को चीन के मसले पर कुछ सुझाव भेजे थे जिस पर सियासत मची हुई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक अखबार की कटिंग को पोस्ट करते हुए ट्वीट किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनमोहन के बयान पर भाजपा का पलटवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि यह वही कांग्रेस है जो हमेशा हमारे सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने का काम करती हैय भारत को पूरी तरह से प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है। मनमोहन सिंह का लद्दाख पर बयान केवल शब्दों का खेल है। किसी भी भारतीय को इस तरह के बयान पर विश्वास नहीं होगा। मनमोहन उसी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं,जिसने असहाय स्थिति में 43 हजार वर्ग किलोमीटर की जमीन चीन को आत्मसमर्पण कर दी थी।

### ओडिशा के पास समुद्री इलाके में साइक्लोनिक ऐक्टिविटी

**संवाददाता** भुवनेश्वर। बीते दिनों अम्फान साइक्लोन के बीच प्रकृति के कहर का सामना कर चुके ओडिशा के तटीय इलाकों में एक बार फिर समुद्री तूफान आने की आशंका जताई गई है। ओडिशा से सटे समुद्री क्षेत्र में मौसम विभाग ने साइक्लोनिक ऐक्टिविटी की जानकारी देते हुए अलर्ट जारी किया है। विभागीय अधिकारी खुद तटीय इलाकों की स्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं।

### सत्येंद्र जैन की हालत में सुधार, जनरल वार्ड में किए गए शिफ्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस से पीड़ित दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को प्लाज्मा थेरेपी देने के बाद उनकी हालत में थोड़ा सुधार हुआ है। मैक्स अस्पताल में भर्ती सत्येंद्र जैन को आइसीयू से निकाल कर सोमवार को सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की तबीयत ठीक होने के बाद उन्हें जनरल वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जगन्नाथ पुरी रथयात्रा की दी अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■सुप्रीम कोर्ट के हर निर्देश होगा पालन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट पुरी ने 23 जून को होने वाली रथयात्रा की सशर्त अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले कोरोना वायरस को देखते हुए पुरी की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा पर रोक लगाने का आदेश दिया था। जिसके बाद केंद्र सरकार ने उनके फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कई पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान कोर्ट ने सशर्त रथ यात्रा की अनुमति दे दी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त रथयात्रा की अनुमति दी** सुप्रीम कोर्ट में पूरी की भगवान जगन्नाथ रथयात्रा मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि रथयात्रा की इजाजत दी जानी चाहिए और वहां कोरोना के मद्देनजर गाइडलाइंस का पूरा पालन किया जाएगा।

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि लोगों की सेफ्टी के साथ कोई समझौता नहीं होगा और हेल्थ का पूरा खयाल रखा जाएगा। पूरे उड़ीसा में नहीं बल्कि पुरी में रथयात्रा की इजाजत दी जाए। कोरोना संक्रमण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस साल की रथयात्रा पर रोक लगा दी थी। पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते हुए अब सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त रथ यात्रा की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि रथयात्रा के दौरान कोरोना गाइडलाइन्स का पूरी तरह से पालन किया जाए।

## होम आइसोलेशन वालों को मिलेगा ऑक्सीजन पल्स मीटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से जंग लड़ रही दिल्ली को सीएम अरविंद केजरीवाल ने कुछ राहत देनेवाली खबरें दी हैं। बताया कि अब घरपर इलाज करवा रहे मरीजों को सरकार ऑक्सीजन पल्स मीटर देगी। इसके साथ ही केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में अब सीरियस कोरोना मरीज काफी कम हैं, बिना लक्षण वाले मरीज ज्यादा जो घर पर रहकर ही ठीक हो रहे। कोरोना और बॉर्डर तनाव का जिक्र करते सीएम केजरीवाल ने कहा कि इस वक्त देश चीन के खिलाफ दो युद्ध लड़ रहा है। अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को बताया कि सरकार होम आइसोलेशन वाले मरीजों को ऑक्सीजन पल्स मीटर देगी। केजरीवाल ने कहा कि इसमें मरीज को हर दो घंटे में अपना ऑक्सीजन लेवल चेक करना है। अगर लेवल कम होता दिखे तो तुरंत बताए गए नंबरों पर फोन करना है।

## चीन बॉर्डर पहुंचने के लिए अहम बैली ब्रिज टूटा

### सेना व सड़क निर्माण कार्य की बढ़ी मुसीबत

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। भारत-चीन के बीच उपजे तनाव के बाद सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मुनस्यारी-मिलम मार्ग पर स्थित सैनर गाड़ के पास बना पुल सोमवार की सुबह नौ बजे ट्राला चालक की लापरवाही से ध्वस्त हो गया। चालक पोकलैंड लदे ट्राला को पुल के ऊपर से ले जा रहा था। वहां तैनात बीआरओ सीमा सड़क संगठन के कर्मचारी ने चालक को ऐसा करने से रोका। उसने कहा कि यह पुल इतना अधिक भार नहीं सह पाएगा। लिहाजा इसके ऊपर से ट्राला और उसपर लदे पोकलैंड को लेकर न गुजरे। पर वह नहीं माना। ट्राला के पुल के बीच में पहुंचते ही पुल ध्वस्त हो गया। हादसे में ट्राले पर सवार दो लोग घायल हो गए। उन्हें निकालकर इलाज के लिए भेजा गया है। इसके साथ ही ट्राला और पोकलैंड को निकालने की कोशिश की जा रही है। पुल टूटने के कारण उच्च हिमालय के गांवों से माइग्रेशन करने वाले ग्रामीणों, आर्मी के जवानों का आवागमन तो प्रभावित हुआ ही वहीं मुनस्यारी-मिलम तक बन रहे सड़क का निर्माण कार्य भी प्रभावित होगा।

### चीन सीमा तक एक और सड़क का निर्माण

तवाघाट-लिपुलेख मार्ग के बाद पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी तहसील से भी चीन सीमा तक सड़क निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। मुनस्यारी से मिलम सड़क को वर्ष 2021 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 80 किमी. लंबी बनने वाली इस सड़क में करीब 55 किमी तक चट्टानों को काटकर सड़क निर्माण का काम पूरा कर लिया गया है। शेष मध्य हिमालय में करीब 25 किमी चट्टानों को काटने के लिए बीआरओ ने एबीसीएल कंपनी को ठेका दिया है।

**तेजी से हो रहा है सड़क निर्माण का कामः** उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे तक सड़क बनाकर भारत ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। मुनस्यारी क्षेत्र में सड़क निर्माण हो जाने से स्थिति और मजबूत हो जाएगी। उच्च हिमालयी इलाके में 64 किलोमीटर की इस सड़क में मुनस्यारी से लिलम तक 18 किलोमीटर की सड़क कट चुकी है।

## नेपाल की जिद से 'प्रलय' का खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नेपाल ने बांध मरम्मत रोकी, बिहार में जल प्रलय का खतरा

पटना। भारत के साथ सीमा विवाद के बीच नेपाल सरकार बिहार को परेशान कर रही है। नेपाल सरकार ने पूर्वी चम्पारण के ढाका अनुमंडल में लाल बकेया नदी पर बन रहे तटबंध के पुनर्निर्माण कार्य को रोक दिया है। बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने बताया कि नेपाल गंडक बांध के लिए मरम्मत कार्य की अनुमति नहीं दे रहा है। जबकि ललबकेया नदी नो मैंस लैंड का हिस्सा है। इसके अलावा नेपाल ने कई अन्य स्थानों पर मरम्मत का काम रोक दिया है। पहली बार हम लोग ऐसी समस्या का सामना कर रहे हैं। हम मरम्मत कार्य के लिए सामग्री तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं।

संजय झा ने आगे कहा कि अगर हमारे इंजीनियरों के पास बाढ़ से लड़ने वाली सामग्री नहीं पहुंचेगी तो बांध की मरम्मत का काम प्रभावित होगा, अगर नेपाल में भारी वर्षा के कारण गंडक नदी का जल स्तर बढ़ता है तो यह एक गंभीर समस्या पैदा कर देगा।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in